VOLUME 15 | ISSUE 1 | MARCH 2025 | MONTHLY | PAGES 40
PUBLISHING DATE : 08/03/2025 | RNI NO.: RAJBIL/2012/44840

PRICE ₹300
ISSN 2393-9261

सिम्पली जयपुर

# SIMPLY JAIPUR™

**DESTINATION FOR YOUR OWN BUSINESS & LIFESTYLE**

First Bi-Lingual (Hindi - English) *Lifestyle* MONTHLY MAGAZINE

e-magazine
www.simplyjaipur.com




# राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का भव्य शुभारम्भ

## राजस्थान के आर फैक्टर में जुडा रिस्पॉन्सिव और रिफॉर्मिस्ट सरकार का नया पहलू - प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी

RISING RAJASTHAN
9-10-11 DEC 2024 • JAIPUR

सिम्पली जयपुर

# SIMPLY JAIPUR™

## Destination for Your own Business & Life Style

e-magazine
www.simplyjaipur.com

First Bi-Lingual (Hindi-English) Life Style Monthly Magazine

No. 1st
Life Style
Monthly Magazine

*...with a circulation of 1.2 lakh per annum and connect with 3.6 lakh readers. Reach some of the most influential industrialists, businessmen, finance professionals, doctors, lawyers and other high flyers.*

| TARIFF (Monthly Edition) | |
|---|---|
| Cover Back Page | 50,000 |
| Cover Inner Page | 40,000 |
| **Single Premium Full Page** | 30,000 |
| **Double Spread Premium Page** | 54,000 |
| Single Section Full Page | 20,000 |
| **Double Spread Section Page** | 36,000 |
| Half Section Page | 12,000 |
| Vertical Strip | 8,000 |
| Quarter Page | 7,000 |
| Horizontal Strip | 5,000 |

| SPECIFICATIONS | |
|---|---|
| 7.75 x 10 inches | Full page |
| 7.75 x 5 inches | Half page |
| Advertisement in colour only. | |



**For Advertisement or Subscription** **Call : +91-9414044548, 9413401555**

Registered Office : 406, 4th Floor, "GURU-KRIPA TOWER", C-43, Mahaveer Marg. C-Scheme, JAIPUR - 302001 (Raj.) INDIA | Ph:- +91-141-4014474
E-mail:- info@simplyjaipur.in | Web : www.simplyjaipur.com, www.simplyjaipur.in




Books Written & Edited by Anshu Harsh

SIMPLY JAIPUR
A COMPLETE DIGITAL SOLUTIONS




For Book Publishing , Contact Anshu Harsh ashharsh2000@gmail.com | +91- 9413401555

## COVER PAGE

SIMPLY COVER STORY

**राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का भव्य शुभारम्भ**

13 Years ANNIVERSARY CELEBRATIONS

RISING RAJASTHAN 9-10-11 DEC 2024 - JAIPUR








Owner, Publisher, Printer & Editor in Chief
**ANSHU HARSH**

CEO, Managing Editor & Founder
**SOMENDRA HARSH**

Sub-Editor
**RAJIV PUROHIT**

Graphic Designer
**DHEERAJ JALAN**
**ESHAN HARSH**

Celebrating 12 Years of
*Simply Jaipur*

### SIMPLY RAJASTHAN

> Simply JODHPUR Pages
**PRADEEP JOSHI**

> Simply AJMER Pages
**ANUJ SHARMA**

### SIMPLY NATIONAL

> Simply MUMBAI Pages
**MR. KAILASH ADVANI**

> Simply HYDERABAD Pages
**V. V. MAHESHWAR ROA**

> Simply CHENNAI Pages
**SAURABH SIKCHI**

### SIMPLY INTERNATIONAL

> Simply NEW YORK Pages
**ASHOK VYAS (N.Y., USA)**

> Simply CALIFORNIA Pages
**KAPIL MOHAN**
California (C.A., USA)

ISSN 2393-9281

Registered Office :
**SIMPLY JAIPUR**
406, 4th Floor, Guru Kripa Tower, C-43, Mahaveer Marg C-Scheme, Jaipur - 01 (Raj.) INDIA. Ph.: 0141-4014474
E-mail : info@simplyjaipur.in, Web : www.simplyjaipur.in

**FOR ADVERTISEMENT AND SUBSCRIPTION**
**CALL : 9414044548, 9413401555**

Re production in whole or part without written permission is strictly prohibited. The content which is contributed by the writers in the magazine SIMPLY JAIPUR is completely his/her responsibility. SIMPLY JAIPUR doesn't take any responsibility for their views and respectives. All disputes are subject to JAIPUR Jurisdiction Only.

# CONTENTS

e-magazine :
www.simplyjaipur.com

# MARCH 2025

**SIMPLY COVER STORY**

8 **राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का भव्य शुभारम्भ**
राजस्थान के आर फैक्टर में जुड़ा रिस्पॉन्सिव और रिफॉर्मिस्ट सरकार का नया पहलू - प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी

**SIMPLY EVENTS**

16 **IIFA Co-Founders Andre Timmins, Viraf Sarkari, and Sabbas Joseph extend a warm invitation to the Hon'ble Chief Minister of Rajasthan**

17 **Sobha Realty IIFA Digital Awards – 'Where The Digital Realm Takes Centre Stage.' On 8th March 2025, Jaipur Rajasthan**

18 **NEXA IIFA Awards 2025: A Spectacular Night Honouring Cinematic Excellence & Indian Cinema's Global Influence on March 9th!**

19 **जनवरी ऑफ जयपुरः प्रकृति, परंपरा और संगीत का उत्सव - अंशु हर्ष**

20 **सीमा कपूर की आत्मकथा अनुपम खेर, परेश रावल, बोनी कपूर, अन्नू कपूर, दिव्या दत्ता, रघुवीर यादव ने की लॉन्च**

21 **आस्था और शौर्य का अद्भुत प्रतीक है तनोट माता मंदिर राज्यपाल श्री बागडे**

22 **जयपुर के राज मंदिर सिनेमा में जयकारों और हूटिंग के साथ 'JAAT' ट्रेलर का धमाकेदार रिलीजे**

23 **Bank of Baroda Rambagh Golf Club Corporate League concludes**
HH Rajmata Padmini Devi of Jaipur International Shield & IPA International Day

24 **Depositories collaborate for democratising investor information**

25 **जयपुर में आईफा ट्रॉफी की चमक, शहरवासियों में उत्साह व सेल्फी का क्रेज**

16


17



18



19


20



21


22


21



25


26


27 SIMPLY LAUNCH







**26** Traditional 'Holika Dahan' at City Palace

**28** A New Species of SUV: Kia Creates a New SUV Segment with Syros Starting at 8.99 lacs

## » REGULARS

| | |
|---|---|
| Subscription Form FREE Home Delivery | 31 |
| Simply Readers ( Book Review) | 33 |
| Simply Astro | 34 |

## » BRAND INSIDE

| | |
|---|---|
| Simply Jaipur Tariff | 2 |
| Simply Jaipur Publication | 3 |
| Intern RIFF FILM CLUB | 30 |
| ASH Group | 32 |
| Voice of Jaipur | 35 |
| Thar Sarvoday Sansthan | 36 |
| Cinemasthan | 37 |
| PT Award 2025 | 38 |
| RIFF Film Club | 39 |
| RIFF 2026 | 40 |





# EDITORIAL

## राजस्थान का विकास उत्सवः राइजिंग राजस्थान 2024

राजस्थान, अपने अनोखे सांस्कृतिक धरोहर और प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों के लिए जाना जाता है। अब, इस राज्य की सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है–राइजिंग राजस्थान समिट का आयोजन, जो 9 से 11 दिसंबर 2024 को होने जा रहा है। यह समिट सिर्फ निवेशकों को आकर्षित करने का एक साधन नहीं है; यह हमारे सपनों और आकांक्षाओं को पंख देने का एक अवसर है।

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा जी ने 34 आईएएस अधिकारियों को इस महत्वपूर्ण कार्य में लगाया है, ताकि वे उद्योगपतियों को इस बात के लिए प्रेरित कर सकें कि राजस्थान में निवेश करना कितना फायदेमंद है। यह कदम न केवल आर्थिक विकास की दिशा में एक नया अध्याय है, बल्कि यह हमारी युवा पीढ़ी को रोजगार और अवसर देने का वादा भी है। राजस्थान के दिल में बसा हर एक नागरिक इस समिट के परिणामों की प्रतीक्षा कर रहा है, जिसमें उसके भविष्य की संभावनाएं छिपी हुई हैं। राजस्थान के पास प्राकृतिक संसाधनों की कोई कमी नहीं है। सौर ऊर्जा, पर्यटन, वन्यजीव, और मिनरल्स जैसे क्षेत्रों में हमारी अपार संभावनाएं हैं। यह समिट एक मंच प्रदान करेगा, जहां बड़े उद्योगपति राजस्थान की संभावनाओं को समझेंगे और हमें उनकी दृष्टि से जोड़ेंगे। यह समिट केवल व्यापार और निवेश के अवसरों तक सीमित नहीं है; यह हमारे सांस्कृतिक वैभव का भी उत्सव है। राजस्थान की कला और संस्कृति, जो सदियों से हमारी पहचान का एक हिस्सा हैं, अब फिल्म, कला, और साहित्य के माध्यम से भी एक नया मोड़ ले रही हैं। राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (RIFF) ने पिछले दस वर्षों में सांस्कृतिक संवाद को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस फेस्टिवल ने न केवल स्थानीय कलाकारों को एक मंच दिया है, बल्कि फिल्म उद्योग के बड़े नामों को भी हमारे राज्य की ओर आकर्षित किया है।

यह एक उत्सव है, जिसमें राजस्थान के हर नागरिक को हिस्सा लेना है और विकास में अपनी भागीदारी निभानी है। जब हर व्यक्ति अपने हिस्से का कार्य करेगा, तो निस्संदेह हमारा राज्य एक अग्रणी राज्य की श्रेणी में आएगा।इस समिट के माध्यम से हम एक ऐसा भविष्य देख रहे हैं, जहाँ हमारी युवा पीढ़ी को न केवल रोजगार मिल सकेगा, बल्कि वे अपने सपनों को साकार करने का मौका भी पाएंगे। राजस्थान की संस्कृति को सहेजते हुए, हमें विकास की इस नई यात्रा में आगे बढ़ना है।

यह समिट एक नई शुरुआत है, एक नई दिशा की ओर–हमारे सपनों की ओर, हमारी सांस्कृतिक समृद्धि की ओर। आइए, हम सब मिलकर राजस्थान को विश्व के मानचित्र पर एक सशक्त राज्य बनाएं।

› अंशु हर्ष

ashharsh2000@gmail.com
ashharsh2000
anshuharsh
anshu_harsh

We the team of Simply Jaipur, a unique destination for your own lifestyle magazine, welcome you. It is Rajasthan's first BI-LINGUAL monthly lifestyle magazine. As you are aware our current SJ March '25 Edition is already on the Stands We Invite your presence in form of advertorial or advertisment in our coming April edition in which we cover top personalities of Jaipur who have contributed in any way to lifestyle, society or through their profession. Our upcoming editions will be based on the customs and traditions of the local area. As well we will be highly delighted if anybody send us Travelogues about different tourist destinations.

We also have our presence online among the readers of all ages through Digital magazine. Our targeted group of reader varies from proactive and dynamic adults to people with higher household incomes.

All editions of SIMPLY JAIPUR are available online also, you can visit our online digital brochure at **www.simplyjaipur.com**. This 40 pages BI-LINGUAL publication features new trends of lifestyle in every edition.

In last four successful years, we have received great response from our readers not only from Rajasthan but also globally.

In our upcoming editions, we look forward to publish Life-style contents and for that we are providing advertising space for the local businesses. We also cater to your presence in form of Display Advertisement, Editorial, or Advertorial.

**SOMENDRA HARSH**
CEO/MANAGING EDITOR & BUSINESS HEAD
M : 9414044548




somendra.harsh@gmail.com | somendra.harsh | somendraharsh | somendraharsh



Follow us : simply jaipur | simplyjaipur | SIMPLYJAIPUR

For Advotorial or Advertisement
9414044548, 9413401555

Simply Catch All Editions in
ONE CLICK
catch your favorite magazine

Now on your mobile www.simplyjaipur.com






# राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट

## राजस्थान के आर फैक्टर में जुड़ा रिस्पॉन्सिव और रिफॉर्मिस्ट सरकार का नया पहलू - प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी

RISING RAJASTHAN
9-10-11 DEC 2024 • JAIPUR

जयपुर, 9 दिसम्बर। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आज हम ग्लोबल विजन और ग्लोबल इंपैक्ट पर काम करते हुए आत्मनिर्भर भारत के नए सफर पर चल चुके हैं। सरकार औद्योगिक प्रगति के लिए 'होल ऑफ गवर्नमेंट एप्रोच' पर समन्वित रूप से एक साथ काम करते हुए हर सेक्टर, हर फैक्टर को एक साथ बढावा दे रही है। सबके प्रयास की इस भावना से ही हम सब मिलकर विकसित भारत और विकसित राजस्थान बनाएंगे।प्रधानमंत्री श्री मोदी सोमवार को जयपुर स्थित जेईसीसी में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के भव्य उद्घाटन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत आज रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र पर चलते हुए हर क्षेत्र में विकास कर रहा है, उसे लेकर दुनियाभर के निवेशकों में उत्साह का माहौल है। उन्होंने कहा कि आजादी के 7 दशक बाद भी भारत दुनिया की 11वीं इकोनोमी था। लेकिन बीते10 वर्षों में हमने 11वीं से 5वीं सबसे बडी इकोनोमी बनने का सफर तय किया है। इस दौरान हमारी अर्थव्यवस्था का आकार, कुल निर्यात और एफडीआई भी करीब दोगुना हो गया है। उन्होंने कहा कि हमने बीते दस साल में आधारभूत ढांचे पर खर्च भी करीब 2 ट्रिलियन से बढाकर 11 ट्रिलियन रुपए तक पहुंचा दिया है।डेमोक्रेसी, डेमोग्राफी, डेटा एवं डिलीवरी की ताकत देखेगी दुनिया प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की सफलता में डेमोक्रेसी, डेमोग्राफी, डिजिटल डेटा एवं डिलीवरी की पावर की अहम भूमिका है और आने वाले समय में दुनिया इनकी असली ताकत देखने वाली है। भारत जैसे विविधता भरे देश में डेमोक्रेसी का सशक्त होना अपने आप में बहुत बडी उपलब्धि है। आज देश की जनता लोकतांत्रिक हक का प्रयोग करते हुए स्थायी सरकार के लिए वोट दे रही है। श्री मोदी ने कहा कि आने वाले अनेक सालों तक भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में रहने वाला है और हमारे पास सबसे ब ा स्किल्ड युवा वर्ग भी होगा। उन्होंने कहा कि यह सदी तकनीक एवं डेटा की सदी है और युवाशक्ति ने टेक पावर और डेटा पावर के नए आयाम जो कर हमारे सामर्थ्य को ब ाने का काम

किया है। बीते दशक में सरकार ने जो फैसले लिए हैं, उनकी बदौलत डिजिटिल इकोसिस्टम ने भारत में व्यापार-कारोबार के तरीके को पूरी तरह बदल दिया है। आज डिजिटल ट्रांजेक्शन्स में नए रिकॉर्ड बन रहे हैं और देश में इंटरनेट यूजर्स की संख्या करीब 4 गुणा ब ी है।राजस्थान के विकास से देश को भी मिलेगी नई ऊंचाई प्रधानमंत्री ने कहा कि क्षेत्रफल के हिसाब से तो राजस्थान देश का सबसे ब ा राज्य है ही, राजस्थान के लोगों का दिल भी उतना ही बज है। जब राजस्थान विकास की नई ऊंचाई पर पहुंचेगा तो देश को भी नई ऊंचाई मिलेगी। यहां के लोगों का परिश्रम, ईमानदारी, कठिन से कठिन लक्ष्य को पाने की इच्छाशक्ति, राष्ट्र को सर्वोपरि रखने की भावना राजस्थान की मिट्टी के कण-कण में समाई है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद जो सरकारें आई उन्होंने न तो देश के विकास को प्राथमिकता पर रखा और ना ही देश की विरासत का ध्यान रखा। लेकिन आज हमारी सरकार विकास भी, विरासत भी के मंत्र पर चल रही है और इसका बहुत ब ा लाभ राजस्थान को भी हो रहा है। राजस्थान के 'आर फैक्टर' की सराहना प्रधानमंत्री श्री मोदी ने राजस्थान के आर फैक्टर पर फोकस करते हुए कहा कि आज राजस्थान राइजिंग तो है ही, रिलायबल व रिसेप्टिप भी है और समय के साथ खुद को रिफाइन करना भी जानता है। उन्होंने बीते एक साल में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार के शानदार काम की सराहना करते हुए कहा कि राजस्थान के इस आर फैक्टर में अब यहां की रिस्पॉन्सिव और रिफॉर्मिस्ट सरकार का नया पहलू भी जु  चुका है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जिस कुशलता और प्रतिबद्धता के साथ राजस्थान के तेज विकास में जुटे हैं, वो प्रशंसनीय है। आज राजस्थान में गरीब, किसान, युवाओं के






कल्याण, स क, बिजली, पानी सहित हर प्रकार के विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। सरकार अपराध और भ्रष्टाचार नियंत्रण में जो तत्परता दिखा रही है, उससे नागरिकों और निवेशकों में नया उत्साह आया है।राजस्थान बनेगा निवेश का आकर्षक गंतव्य प्रधानमंत्री ने कहा कि राजस्थान के पास रोड से लेकर रेलवेज तक, हैंडलूम से लेकर हैंडीक्राफ्ट तक, फार्म से लेकर फोर्ट तक बहुत कुछ है। प्राकृतिक संसाधनों के भंडार,समृद्ध विरासत, विस्तृत लैंडमास, आधुनिक कनेक्टिविटी नेटवर्क और समर्थ युवा शक्ति के कारण राजस्थान निवेश का आकर्षक गंतव्य है। उन्होंने राजस्थान के मरुस्थलीय क्षेत्र में जैतून और जेट्रोपा की खेती, जयपुर की ब्लू पॉटरी, प्रतापग  की थेवा ज्वेलरी, भीलवा ा के टेक्सटाइल, मकराना के मार्बल, कोटा डोरिया और नागौर की पान मेथी का जिक्र करते हुए कहा कि आज यहां की सरकार, हर जिले के सामर्थ्य को पहचानते हुए काम कर रही है। आत्मनिर्भर भारत की नींव रखने में राजस्थान का अहम योगदान श्री मोदी ने कहा कि राजस्थान, दिल्ली एवं मुंबई जैसे दो ब े आर्थिक केन्द्रों और महाराष्ट्र व गुजरात के पोर्ट्स को उत्तर भारत से जो ता है। दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और वेस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का ब ा हिस्सा राजस्थान से गुजरता है। राजस्थान में जिंक, लेड, कॉपर, मार्बल, लाइमस्टोन, ग्रेनाइट, पोटाश जैसे खनिजों के ब े भंडार हैं। इस दशक के अंत तक 500 गीगावॉट अक्षय ऊर्जा क्षमता के लक्ष्य को हासिल करने में राजस्थान बहुत बजी भूमिका निभा रहा है। इस तरह आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव रखने में राजस्थान का अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकारें राजस्थान की वास्तविक क्षमताओं को सामने लाने के लिए कार्य कर रही हैं। पोर्ट्स और लॉजिस्टिक्स सेक्टर के लिए यहां अपार संभावनाओं को देखते हुए यहाँ मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क और लगभग दो दर्जन सेक्टर आधारित इंडस्ट्रियल पार्क बनाए जा रहे हैं। दो एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स का निर्माण भी हुआ है। इससे राजस्थान की इंडस्ट्रियल कनेक्टिविटी और बेहतर होगी।राजस्थान दुनिया के चुनिंदा पर्यटन स्थलों में से एक प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के समृद्ध भविष्य में पर्यटन का बहुत ब ी भूमिका होगी। केन्द्र सरकार ने अलग-अलग थीम सर्किट्स से जुी कई योजनाएं भी शुरू की हैं, इन प्रयासों के कारण कोरोना के बावजूद भी बीते दस साल में भारत में 7 करो  से ज्यादा

विदेश टूरिस्ट आए हैं। उन्होंने कहा कि टूर, ट्रेवल और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर की दृष्टि से राजस्थान दुनिया के चुनिंदा स्थानों में से एक है। हेरिटेज टूरिज्म, फिल्म टूरिज्म, इको टूरिज्म, रूरल टूरिज्म, बॉर्डर एरिया टूरिज्म, वन्यजीव पर्यटन की यहां बहुत अधिक संभावनाएं हैं। केन्द्र की उ ान योजना, वंदे भारत, प्रसाद स्कीम,वाइब्रेंट विलेज जैसे कार्यक्रमों का राजस्थान को भी बहुत फायदा हो रहा है। लोग शादी-विवाह, जीवन के पलों को यादगार बनाने के लिए यहां आते हैं। ऐसे में 'वेड इन इंडिया' के आह्वान का फायदा भी राजस्थान को होना तय है। मैन्युफेक्चरिंग हब बनने की तरफ ब ते भारत के कदम श्री मोदी ने कहा कि आज दुनिया को एक ऐसी व्यवस्था की  रूरत है जो ब े से ब े संकट के दौरान भी मजबूती से चलती रहे। इसके लिए भारत में व्यापकमैन्युफेक्चरिंगबेस का होना दुनिया की अर्थव्यवस्था के लिए बहुत  रूरी है। इसे देखते हुए हमने मैन्युफेक्चरिंग में आत्मनिर्भरता का ब ा संकल्प लिया है और देश मेक इन इंडिया प्रोग्राम के तहत लो कॉस्ट मैन्युफेक्चरिंग पर बल दे रहा है। पेट्रोलियम उत्पाद, दवाएं, वैक्सीन्स, इलेक्ट्रॉनिक्स सामान आदि की भारत में रिकॉर्ड मैन्युफेक्चरिंग से दुनिया को बहुत फायदा हो रहा है। राजस्थान से भी बीते वर्ष इंजीनियरिंग गुड्स, जेम्स और ज्वेलरी, टेक्सटाइल्स, हैंडीक्राफ्ट्स, एग्रो फूड प्रोडक्ट्स आदि का करीब चौरासी हजार करो  रुपए का निर्यात हुआ है। उन्होंने कहा कि पीएलआई योजना के कारण देश में इलेक्ट्रॉनिक्स, स्पेशलिटी स्टील, ऑटोमोबाइल, ऑटो कम्पोनेन्ट, सोलर पीवी, फार्मा ड्रग्स के क्षेत्र में उत्साह ब ा है। उन्होंने निवेशकों को राजस्थान में ऑटोमोटिव, ऑटो कॉम्पोनेंट इंडस्ट्री, इलेक्ट्रिक व्हीकल मैन्युफेक्चरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफेक्चरिंग की संभावनाओं को देखते हुए यहां निवेश करने का सुझाव दिया।एमएसएमई सेक्टर बनेगा ब ते राजस्थान की ताकत प्रधानमंत्री ने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र में राजस्थान भारत के टॉप 5 राज्यों में से एक है। एमएसएमई की ये ब ती ताकत राजस्थान के विकास को एक नई ऊंचाई पर ले जाएगी। यहां 27 लाख से ज्यादा छोटे और लघु उद्योग हैं और 50 लाख से ज्यादा लोग इनमें काम करते हैं। एमएसएमई आने वाले समय में ग्लोबल सप्लाई और वैल्यू चेन को सशक्त करने में ब ी भूमिका निभाएंगे। इसे देखते हुए केन्द्र सरकार ने एमएसएमई की परिभाषा बदली है, ताकि उन्हें आगे ब ने के और अधिक अवसर मिल सकें। केंद्र सरकार की पहल से इन उद्योगों के लिए ऋण लेना आसान हुआ है। क्रेडिट लिंक गांरटी स्कीम से छोटे उद्योगों को करीब 7 लाख करो  रुपए की मदद दी गई है। इन प्रयासों से बीते दशक में एमएसएमई के





लिए क्रेडिट फ्लो दो गुना से अधिक ब  कर 22 लाख करो  रुपए से ऊपर जा चुका है। उन्होंने देश और दुनिया से आए अतिथियों से स्वदेश लौटने से पहले राजस्थान भ्रमण कर यहां के जीवंत अनुभव लेने का आह्वान भी किया। उन्होंने इन्वेस्टमेंट समिट के शानदार आयोजन के लिए राज्य सरकार को बधाई दी। नई नीतियों और ठोस कदमों से राज्य में बना निवेश का अभूतपूर्व माहौल समिट से पहले ही 35 लाख करो  रुपये से अधिक के एमओयू मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि हमारी सरकार ने पहले वर्ष में ही समिट का आयोजन किया है ताकि प्राप्त निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए सभी आवश्यक कदम ठीक ढंग से और समय पर उठाए जा सकें। राज्य में पहली बार ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन हो रहा है जिसमें 32 देशों द्वारा भाग लिया जा रहा है। इस समिट के प्रारंभ होने से पूर्व ही 35 लाख करो  रुपये से अधिक के एमओयू संपादित किए जा चुके हैं जो निवेशकों द्वारा राज्य के प्रति व्यक्त किए गए विश्वास को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में विभिन्न क्षेत्रों में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए हमने न केवल 10 नई महत्वपूर्ण नीतियां लागू की हैं बल्कि ईज ऑफ डूइंग बि नेस के क्षेत्र में भी ठोस कदम उठाए हैं, जिसके फलस्वरूप राज्य में निवेश को लेकर एक अभूतपूर्व माहौल बना है। पीएम श्री मोदी विकसित भारत के शिल्पकार श्री शर्मा ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी का राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के शुभारंभ के अवसर पर पधारने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राजस्थान के लिए यह गौरव का दिन है। उन्होंने प्रधानमंत्री को विकसित भारत के शिल्पकार की उपमा देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में भारत दुनिया की तीसरी ब ी अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य की ओर तेजी से ब  रहा है। पांच वर्षों में राज्य की अर्थव्यवस्था को दोगुना करने का लक्ष्य मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में निवेश और विकास की असीमित संभावनाएं हैं। खनिज, पेट्रोलियम, ओटोमोबाइल, टेक्सटाइल, पर्यटन, शिक्षा एवं चिकित्सा जैसे क्षेत्रों में राजस्थान में निवेश कर अच्छा लाभ अर्जित किया जा सकता है। राज्य सरकार पांच वर्षों में राज्य की अर्थव्यवस्था को दोगुना करने का लक्ष्य रखकर कार्य कर रही है। यह समिट इस क्रम में एक महत्वपूर्ण कदम है। श्री शर्मा ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि राज्य बजट में पूंजीगत व्यय को पिछले बजट के मुकाबले 65 प्रतिशत ब ाया गया है। राज्य में पहली बार एक साथ 9 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे बनाने का काम हाथ में लिया गया है। अक्षय ऊर्जा उत्पादन को पांच सालों में 30 गीगावाट से




125 गीगावाट तक ले जाने के लिए पूरी तेजी से कार्य हो रहा है। मुख्यमंत्री ने समिट के तीन दिवसीय कार्यक्रमों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समिट में 12 अलग-अलग सेक्टर केंद्रित सेशन एवं 8 कंट्री सेशन के साथ प्रवासी राजस्थानी एवं एमएसएमई पर भी विशेष सेशन आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें केंद्र एवं राज्य के मंत्रियों के साथ संबंधित क्षेत्रों के विशेषज्ञ एवं निवेशक एक साथ बैठकर राज्य में और निवेश की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे। उन्होंने इस अवसर पर देश-विदेश से पधारे निवेशकों और प्रवासी राजस्थानियों का स्वागत करते हुए उनसे राजस्थान की नई विकास यात्रा में निवेश करने का आह्वान भी किया। वेदांता समूह के संस्थापक श्री अनिल अग्रवाल ने कहा कि विश्व में वे देश ही आज सर्वाधिक सफल और विकसित हैं, जिन्होंने भूगर्भ के संसाधनों का समुचित दोहन किया है। प्राकृतिक संसाधनों से अत्यंत समृद्ध राजस्थान में भी विकास एवं प्रगति की प्रबल संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि हमने हिंदुस्तान जिंक और केयर्न एनर्जी के माध्यम से राजस्थान में एक लाख करो रुपए का निवेश कर लगभग एक लाख लोगों को रोजगार प्रदान किया है और यहां निवेश करने से हमें काफी लाभ हुआ है। उन्होंने आने वाले समय में राजस्थान में निवेश ब ाने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि आने वाले समय में हमारा राजकीय राजस्व में अपने योगदान में तीन गुना तक वृद्धि करने और 5 लाख लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य है।अडानी पोर्ट्स एण्ड स्पेशल इकॉनॉमिक जोन के प्रबंध निदेशक श्री करण अडानी ने कहा कि राजा-महाराजाओं की धरती रही राजस्थान भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक ज ों से जु े रहते हुए होने वाली प्रगति ही सही मायनों में प्रगति है। उन्होंने कहा कि दस साल में 23 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से नीचे थे, अब यह संख्या 11 प्रतिशत रह गई है। इस तरह ढाई करो लोग गरीबी से बाहर आए हैं। उन्होंने इस दौरान आने वाले समय में राजस्थान में 7.5 लाख करो रुपए के निवेश की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। आदित्य बि ला समूह के चेयरमैन श्री कुमारमंगलम बि ला ने कहा कि राजस्थान से उनका पी ियों से नाता रहा है। राजस्थान से जु ाव के कारण ही विश्व में राजस्थान के एम्बेसडर के रूप में उनकी पहचान है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में बिट्स पिलानी व अन्य शैक्षणिक संस्थानों के साथ-साथ व्यावसायिक क्षेत्र में भी उनके समूह की महत्वपूर्ण उपस्थिति है। उन्होंने मिनरल, इन्फास्ट्रक्चर, टूरिज्म और रिन्यूएबल एनर्जी को राजस्थान के मित्र की संज्ञा देते हुए कहा कि राजस्थान में हमारा निवेश यहां की सरकार और नीतियों पर हमारे विश्वास को प्रकट करता है। उन्होंने बाहर से आए निवेशकों से पधारो म्हारे देश और निवेश करो म्हारे देश का आह्वान भी किया। महिंद्रा समूह के चेयरमैन श्री आनंद महिंद्रा ने कहा कि राजस्थान की बाव ियां प्राचीन काल से ही यहां के निवासियों की नवाचारों की प्रवृत्ति को दर्शाती हैं। साथ ही, इन बाव ियों में राजस्थान के तकनीकी उज्ज्वल भविष्य के बीज भी समाए हैं। उन्होंने जयपुर में महिन्द्रा वर्ल्ड सिटी से जु े अपने अनुभव के बारे में बताया और राजस्थान में संचालित अपनी परियोजनाओं और रोजगार सृजन के बारे में जानकारी दी।प्रधानमंत्री ने समारोह स्थल में कन्ट्री पैवेलियन एवं अन्य स्टॉल्स का अवलोकन किया। उन्होंने इस दौरान सांगानेर ब्लॉक प्रिंटिंग की कार्यप्रणाली भी समझी।आरम्भ में मुख्यमंत्री ने चूरू के शिल्पकार द्वारा चंदन की लक ी से तैयार तलवार प्रधानमंत्री श्री मोदी को भेंट की, जिसमें महाराणा प्रताप के जीवन से जु ी अभिव्यक्तियां हैं। उन्होंने साफा पहनाकर प्रधानमंत्री का स्वागत भी किया।इस अवसर पर राजस्थान के माननीय राज्यपाल श्री हरिभाऊ बाग े, केन्द्र एवं राज्य सरकार के मंत्रिगण, विभिन्न देशों के राजनयिक, देश-विदेश से पधारे प्रख्यात उद्योगपति एवं निवेशक, प्रवासी राजस्थानी, प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे है।

# प्रवासी राजस्थानी राज्य के विकास में बनें भागीदार, प्रवासी राजस्थानियों के लिए बनेगा विशेष विभाग

जयपुर, 10 दिसंबर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा कि राजस्थानी जहां जहां जाकर बसे हैं वहां की अर्थव्यवथा में सुधार किया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में आठ करो  की जनसंख्या बताई जा रही है। इसके अलावा भी दो ढाई करो  बाहर प्रवास करते हैं। इन सबको मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा हक से बुलाकर राजस्थान में निवेश के लिए आमंत्रित करें। उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों पर राजस्थान का अधिकार है। वे यहां आएं और मातृभूमि का ऋण चुकाने के लिए निवेश करें। उन्होंने कहा कि हमारे महाराष्ट्र में कहावत है, जहां न पहुंचें बैलगा ी वहां पहुंचे मारवा ी। राजस्थानी जहां गए हैं वहां अच्छा कार्य किया। लगन और परिश्रम से अपना स्थान बनाया है। राज्यपाल श्री बागडे मंगलवार को ÷राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट÷ की ÷प्रवासी राजस्थानी कॉन्क्लेव÷ में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों ने देशभर की अर्थव्यवथा में महती भूमिका निभाई हैं। अब समय राजस्थान को विकसित करने का है। राज्यपाल ने कहा कि दुग्ध क्षेत्र में राजस्थान अग्रणी है। इस क्षेत्र में और विकास की आवश्यकता है। उन्होंने राजस्थान में निवेश करने वालों को विश्वास दिलाया कि यहां आएंगे तो राज्य सरकार  हर संभव सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में  बारिश के पानी को रोके जाने पर अधिक से अधिक कार्य हो। इस समय प्रदेश में एक ही फसल ली जाती है। बारिश के पानी को सहेज कर प्रयास करें कि दो फसल यहां हो। राज्यपाल ने आह्वान किया कि आदिवासी क्षेत्रों में लोगों को काम दें।  पिछ े क्षेत्रों में कारखाने खोले और गरीब, किसान और घुमंतुओं की आर्थिक स्थिति में सुधार में प्रवासी भागीदारी बने। उन्होंने कहा कि राजस्थान में गौ धन संरक्षण के लिए अच्छा कार्य होता है।  गौशालाओं में गायों के लिए किए जा रहे कार्यों की भी उन्होंने सराहना की। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा पहल कर निवेश प्रोत्साहन लिए किए जा रहे विशेष प्रयासों को महत्वपूर्ण बताया और निवेश नीति की सराहना की। 10 दिसंबर को हर वर्ष मनाया जाएगा प्रवासी राजस्थानी दिवस-मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि देश दुनिया में प्रवासी राजस्थानियों की मेहनत, कर्मठता और लगन से राजस्थान गौरवान्वित हुआ है। हमारी सरकार ने यह निर्णय लिया है कि प्रवासी राजस्थानियों के हितों को ध्यान में रखते हुए उनके लिए एक विशेष विभाग बनाया जाएगा। साथ ही, 10 दिसंबर को हर वर्ष प्रवासी राजस्थानी दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने राज्य में पहली बार हर साल प्रवासी राजस्थानी सम्मान देने का निर्णय लिया है। प्रवासी राजस्थानियों के परिवारों को किसी






तरह की समस्या आती है, तो इसके लिए हर जिले में सिंगल प्वाइंट कॉन्टेक्ट बनाया जाएगा। राजस्थान को विकसित, खुशहाल और देश में सिरमौर बनाने के लिए संकल्पितमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि राजस्थान आज विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। हाईवे का तीसरा एवं रेलवे का पांचवां सबसे ब ा नेटवर्क, सात प्रमुख हवाई अड्डे और दिल्ली-मुंबई फ्रेट कॉरिडोर राजस्थान को परिवहन के लिए अत्यंत सुविधाजनक स्थान बनाते हैं। भारत का सबसे ब ा राज्य राजस्थान अब ब े अवसरों की भूमि बन रहा है। उन्होंने कहा कि हम अगले 5 साल में राज्य की अर्थव्यवस्था को 350 बिलियन डॉलर करने के संकल्प के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान अक्षय ऊर्जा में अग्रणी है तथा सौर एवं पवन ऊर्जा उत्पादन की भी यहां अनुकूल स्थितियां हैं। श्री शर्मा ने राजस्थान में अपार संभावनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि यहां का हर कोना, अपनी समृद्ध धरोहर, प्रकृति, संस्कृति और विविधताओं का दर्शन करवाता है। यहां वाइल्ड लाइफ, वेलनेस, वेडिंग एवं धार्मिक पर्यटन के ब ने के कारण होटलों की मांग तेजी से ब  रही है। राजस्थान में प्रतिवर्ष देश-विदेश से करो ों पर्यटक आते हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में खनन् क्षेत्र में भी असीमित संभावनाएं हैं। हमने हाल ही में राजस्थान खनिज नीति-2024 एवं राजस्थान एम-सैण्ड पॉलिसी-2024 लॉन्च की है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, इंजीनियरिंग, वस्त्र, चिकित्सा उपकरण, रक्षा उपकरण, खाद्य प्रसंस्करण, डेटा सेंटर जैसे क्षेत्रों में भी निवेश के लिए बेहतरीन अवसर हैं।सरकारी प्रक्रियाएं सरल, निवेश अनुकूल वातावरण श्री शर्मा ने कहा कि हमने निवेशकों के लिए एक ऐसा माहौल तैयार किया है, जहां उन्हें हर संभव सुविधाएं मिलेंगी। हमने निवेश के लिए सरकारी प्रक्रियाओं को सरल बनाया है तथा उद्योगों में नवाचारों को प्रोत्साहित किया है। उन्होंने कहा कि निवेशकों के लिए 10 नई नीतियां बनाने के साथ ही राज निवेश पोर्टल से समयबद्ध मंजूरी भी सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों से अपील की है कि वे राज्य के विकास में भागीदार बनें तथा अपनी मातृभूमि में निवेश कर अपनी आने वाली पी ी के जु ाव को मजबूत करें। सब मिलकर राजस्थान को हिंदुस्तान का नंबर 1 प्रदेश बनाने का संकल्प लें – सिक्किम राज्यपाल सिक्किम के राज्यपाल श्री ओम माथुर ने कहा कि राजस्थान का व्यक्ति विश्व भर में अपने कठिन परिश्रम के लिए जाना जाता है राजस्थानी देश के किसी भी राज्य में गया हो अथवा विदेश में उसने, हर जगह अपना नाम कमाया है। साथ ही वह अपनी जन्मभूमि को कभी नहीं भूले हैं। उन्होंने कहा कि गत 10 सालों में भारत के प्रधानमंत्री




गया हो अथवा विदेश में उसने, हर जगह अपना नाम कमाया है। साथ ही वह अपनी जन्मभूमि को कभी नहीं भूले हैं। उन्होंने कहा कि गत 10 सालों में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में अब भारत दुनिया का नेतृत्व कर रहा है तथा विश्व गुरु एवं सोने की चि या बनने की राह पर है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के अथक परिश्रम से राइजिंग राजस्थान बेहद सफल कार्यक्रम साबित हुआ है तथा श्री शर्मा प्रवासी राजस्थानियों के किसी भी काम में कमी नहीं आने देंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रवासी बंधुओं को हर तरह की सुविधा मुहैया करवाई जा रही है। उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों से कहा कि वे साल में एक बार जरूर अपने गांव जाएं तथा सब मिलकर राजस्थान को हिंदुस्तान का नंबर 1 प्रदेश बनाने का संकल्प लें।शाहपुरा से जर्मनी तक, डूंगरपुर से इंग्लैंड तक राइजिंग समिट का माहौल- केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व में सुशासन की नई परिभाषा बनी है तथा सुशासन से सिस्टम में त्वरित एवं सटीक निर्णय में आसानी हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत के वि न में राइजिंग समिट की भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण साबित होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने 1 वर्ष में ही शाहपुरा से जर्मनी तक डूंगरपुर से इंग्लैंड तक राइजिंग समिट का माहौल बनाया है तथा निवेशकों के लिए एक सफल कार्यक्रम का संचालन किया है। उन्होंने कहा कि मारवा यों की अपार उद्योग की क्षमता, निर्विवाद रहने की कला



प्रोत्साहन योजना (रिप्स-2024) निवेश के क्षेत्र में हॉलमार्क है। उन्होंने राजस्थान में व्यवसाय के विस्तार को लेकर रुचि व्यक्त की । सीजी कार्प ग्रुप के चैयरमैन एवं नेपाल के संसद सदस्य डॉ. बिनोद चौधरी ने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों ने प्रदेश की संस्कृति और विरासत के वाहक के रूप में देश-दुनिया में उद्यमिता के क्षेत्र में विशेष पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी में हर मूल भारतीय का दुनिया में मान ब ाया है । साथ ही, उन्होंने मारवा यों की उद्यमिता की कुशलता को संजोए जाने के संबंध में सुझाव भी दिए। पीरामल ग्रुप के चेयरमैन श्री अजय पीरामल ने कहा कि आर्थिक निवेश के साथ ही सामाजिक निवेश भी रूरी है। पीरामल फाउंडेशन राजस्थान सरकार के सहयोग के माध्यम से झुंझुनूं सहित राजस्थान के विभिन्न स्थानों पर शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था है और तीसरी सबसे ब ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की प्रगति में सभी वर्गों का साथ सुनिश्चित करते हुए समाज सेवा में आगे आएँ । उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन राठौ ने कहा कि राइजिंग राजस्थान राज्य सरकार का संकल्प है और प्रवासी राजस्थानी इस संकल्प को पूरा करने वाली टीम का अहम हिस्सा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में निवेश के क्षेत्र में लाल ीताशाही को खत्म किया है। प्रदेश में निवेश एवं निर्यात को ब ावा देने के लिए नई नीतियों को लागू किया है, जिनमें माध्यम से निर्यातकों को फ्रेट सब्सिडी से लेकर निवेशकों को सिंगल विंडो सिस्टम की सुविधा प्रदान की जा रही है। इससे पहले पश्चिमी राजस्थान के 108 लंगा एवं मांगणियार बाल-कलाकारों ने 'पधारो म्हारे देस' लोकगीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर 'प्रदेश में निवेश के अवसर' एवं 'प्रवासी राजस्थानी' थीम पर आधारित लघु िल्म्स भी प्रदर्शित की गई। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, डॉ. प्रेमचंद बैरवा सहित मंत्रिगण, विधायकगण अधिकारीगण एवं ब ी संख्या में प्रवासी राजस्थानी उपस्थित रहे ।

## 'राइजिंग राजस्थान समिट का समापन सत्र'

जयपुर, 11 दिसम्बर। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2047 तक भारत दुनिया का सबसे ताकतवर अर्थनीति बनेगा तथा राजस्थान भारत का अग्रणी राज्य होगा। उन्होंने कहा कि दुनिया के प्रत्येक कोने में राजस्थान का उद्यमी मौजूद है तथा प्रत्येक राजस्थानी अब आर्थिक और सामाजिक क्षेत्रों में नई ऊंचाइयां छू रहा है। श्री प्रधान ने कहा कि केन्द्र सरकार राज्य के प्रमुख शैक्षणिक शिक्षा आईआईटी जोधपुर, केन्द्रीय विश्व विद्यालय जैसे संस्थान में एडवांस टैक्नोलॉजी लैब को स्थापित करने में मदद करेगी। राजस्थान की विपरीत भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद 11 प्रतिशत की विकास दर प्रदेशवासियों की मेहनत को दर्शाती है। श्री प्रधान बुधवार को राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार ने अपने पहले ही वर्ष में राइजिंग राजस्थान समिट का सफल आयोजन किया है तथा उनके नेतृत्व में राजस्थान विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। राजस्थान के

व्यक्ति में उद्यमिता के गुण जन्म से ही मौजूदङ्क केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि राजस्थान केवल पूंजी निर्माता ही नहीं बल्कि नॉलेज बेस्ड इकोनोमी है। यहां आईआईटी, आईआईएम, एम्स सहित सभी विश्वस्तरीय शिक्षण संस्थान मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश को जॉब सीकर्स से ज्यादा जॉब क्रिएटर्स की जरूरत है। लेकिन राजस्थान के व्यक्ति को उद्यमिता सिखाने की जरूरत नहीं है उसमें यह खूबी जन्म से ही होती है। उन्होंने कहा कि जैसे खा ी देश विश्व अर्थनीति के केन्द्र हैं, वैसे ही भविष्य में जयपुर-जैसलमेर दुनिया के अर्थनीति के केन्द्र बनना तय हैं तथा यह समिट इसको दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। श्री प्रधान ने कहा कि मुझे बताया गया है कि इस समिट में ऊर्जा के क्षेत्र में सर्वाधिक एमओयू साइन हुए हैं जोकि एक प्रोग्रसिव पहल है। दुनिया में ऊर्जा की खपत अमरीका और चीन के बाद भारत में सर्वाधिक होती है। उन्होंने कहा कि भारत भविष्य में ग्रीन एनर्जी तथा न्यू एनर्जी भी सृजित करेगा तथा राजस्थान इस क्षेत्र में लीडर पॉजिशन पर आ गया है। यहां हुए निवेशों से लोगों को संसाधन मिलेंगे, आय का सृजन होगा तथा आधारभूत सुविधाएं मिलेंगी जिससे पूरा राज्य विकास की द में अग्रणी बन सकेगा। श्री प्रधान ने कहा कि पहले बीमारू राज्य की श्रेणी में 'आर'राजस्थान को माना जाता था लेकिन अब वही 'आर' राजस्थान राइजिंग की तरफ ब रहा है। राजस्थान नवाचार व निवेश का बना नया केंद्र-मुख्यमंत्री मबधाई देते हुए कहा कि राजस्थान पहले केवल पर्यटन के लिए जाना जाता था। लेकिन अब इस समिट के सफल आयोजन से प्रदेश उद्योग क्षमताओं के लिए भी ु्ख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार राइजिंग समिट में हुए एमओयू को धरातल पर उतारने के लिए पूरी शक्ति के साथ काम करेगी तथा अगले वर्ष 11 दिसंबर को इन सभी एमओयू के जमीन पर उतरने की कार्यवाही की समीक्षा कर जनता के सामने लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान का आयोजन 2026 में फिर से होगा। उन्होंने कहा कि असीम संभावनाओं से भरपूर राजस्थान में उद्यमिता एवं विकास के शिखर को छूने की क्षमता है। राजस्थान नवाचार व निवेश आकर्षण के एक नए केंद्र के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि इस समिट के माध्यम से 35 लाख करो रुपये से अधिक के एमओयू किए गए हैं। उद्यमों को प्रोत्साहन देने के लिए राज्य सरकार ने की कई पहल– मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए राज्य सरकार ने कई अहम निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में 11 औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना के लिए 1,200 करो रुपये से अधिक की स्वीकृति, पांच नवीन औद्योगिक क्षेत्रों को भूखंड आवंटन, रीको द्वारा 8 औद्योगिक क्षेत्र नियोजित किए गए हैं। श्री शर्मा ने






